भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 210

(जिसका उत्तर सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक) को दिया गया)

एमसीए-21 पोर्टल में खामियां

210. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कारपोरेट फाइलिंग पोर्टल एमसीए-21 में आई खामियों की जानकारी है;

(ख) क्या सरकार ने इस पोर्टल के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए कोई उपाय किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पोर्टल के माध्यम से फाइल किए जा रहे कंपनियों के आंकड़ों को सुरक्षित रखने के लिए कोई उपाय किए जाते हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): एमसीए21 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (एनईजीपी) के अंतर्गत पहली मिशन मोड ई-गवर्नेंस परियोजना है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय 2006 से कंपनियों और एलएलपी की रजिस्ट्री और निगमन संबंधी सेवाओं के लिए इसे एंड-टू-एंड रूप से संचालित कर रहा है और तब से कारपोरेट्स इस पोर्टल पर फाइलिंग कर रहे हैं। 01.04.2024 से 27.01.2025 तक की हाल ही की अवधि के दौरान, एमसीए21 पोर्टल पर कुल 80.26 लाख प्ररूप फ़ाइल किए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 73.29 लाख प्ररूप फ़ाइल किए गए थे। इसके अतिरिक्त, नए विकसित एमसीए21 वी3 प्लेटफॉर्म पर, 01.04.2024 से 27.01.2025 तक 53.08 लाख प्ररूप फ़ाइल किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 47.72 लाख प्ररूप फ़ाइल किए गए थे, जो फाइलिंग की संख्या में समग्र वृद्धि, सिस्टम के साथ हितधारकों की बढ़ी हुई भागीदारी के साथ-साथ एमसीए21 प्लेटफॉर्म की मजबूती और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

(ख) और (ग): एमसीए21 वी3 प्लेटफॉर्म व्यवसाय की सुगमता की सुविधा प्रदान करता है, और हितधारकों द्वारा दर्ज किए गए डेटा के वास्तविक समय सत्यापन को सक्षम करने के लिए वेब-आधारित प्ररूप पेश किए हैं। इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ता पहचान और प्रमाणीकरण को बढ़ाने के लिए एक उपयोगकर्ता पंजीकरण प्रक्रिया लागू की गई है। यह प्रक्रिया उपयोगकर्ताओं को उनके फाइल किए गए प्ररूपों की स्थिति को ट्रैक करने और सीधे अपने आवेदन डैशबोर्ड से चालानों और प्रमाण पत्रों को डाउनलोड करने में सक्षम बनाती है। हितधारकों को और सहायता प्रदान करने के लिए, हेल्पडेस्क में एक लाइव चैट सुविधा को एकीकृत किया गया है, जो रियल टाइम सहायता प्रदान करता है और समग्र उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाता है।

(घ) और (ङ): एमसीए21 पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत की गई जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता एमईआईटीवाई दिशानिर्देशों, सीईआरटी-इन विनियमों, आईएसओ 27001 और सूचना सुरक्षा प्रोटोकॉल सहित स्थापित डेटा सुरक्षा मानकों का पालन करके सुनिश्चित की जाती है। सिस्टम तक पहुंचने वाले उपयोगकर्ताओं की पहचान सत्यापित करने के लिए बहु-कारक प्रमाणीकरण प्रारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त, डेटा की गोपनीयता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए पब्लिक व्यू से निजी जानकारी को मास्क करने जैसे उपाय लागू किए गए हैं।

*****